e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 01/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्यवाही)–08/2021 1536

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/अरवल/
किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णिया/सीतामढ़ी/
सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0 चम्पारण/जमुई/
शेखपुरा/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका

पटना, दिनांक :– 28-04-2021

विषय :– जूम के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठकों के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि दिनांक– 15.04.2021 से जूम के माध्यम से सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, नालंदा, अररिया, लखीसराय, खगड़िया, अरवल, शेखपुरा, मुंगेर, बांका एवं बेगूसराय जिले का विभिन्न तिथियों को समीक्षा बैठक किया गया। शेष जिलों की बैठक आने वाले तिथियों को निर्धारित की जाएगी। बैठक पश्चात् बैठक की कार्यवाही इन जिलों के संबंधित वाह्टसअप ग्रुप पर पोस्ट करते हुए, कृत कार्रवाई प्रतिवेदन की मांग की गई है। कृत कार्रवाई प्रतिवेदन मूलतः अग्रिम कार्य–योजना, कार्य में शिथिलता के लिए दोषी कर्मी के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा सहित विभिन्न मामलों पर प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव की मांग है। मात्र लखीसराय एवं अररिया जिले का अद्यतन कृत कार्रवाई प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है, जो संतोषजनक नहीं है और इस संबंध में संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी को अवगत भी कराया गया है।

जूम के माध्यम से होनेवाली यह समीक्षात्मक बैठक प्रत्येक माह सभी जिलों का किया जाएगा, जिसमें यह आशा की जाती है कि पूर्व के बैठकों के आधार पर सभी जिले सभी महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव के साथ बैठक में भाग लेंगे। जिन जिलों की बैठक जूम के माध्यम से नहीं हुई है, उनके बन्दोबस्त पदाधिकारियों से आशा की जाती है कि जिन जिलों की बैठक जूम के माध्यम से हो चुकी है, वहां एक बन्दोबस्त पदाधिकारी से संपर्क कर बैठक में समीक्षा किये जाने वाले सभी बिन्दुओं के संबंध में अवगत होकर पूर्व से तैयारी कर रखेंगे और तद्नुसार सर्वेक्षण कार्य को ससमय संपन्न करने हेतु यथोचित कार्रवाई करेंगे।

साथ ही यह भी कहना है कि सभी जिले जिस प्रकार से निदेशालय स्तर से जूम के माध्यम से मासिक बैठक की जा रही है, उसी प्रकार शिविर स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ जूम के माध्यम से पाक्षिक बैठक करेंगे एवं बैठक के लिए निर्धारित तिथि व समय की सूचना उसके लिंक, आई0डी0 एवं पासवर्ड के साथ वाह्टसअप ग्रुप के माध्यम से निदेशालय को भी अवगत करायेंगे ताकि निदेशालय स्तर से भी पदाधिकारी बैठक में शामिल हो सकें।

उक्त के आलोक में निदेश है कि पत्र में वर्णित निदेशों के अनुरूप अपेक्षित कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक, 28/4/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2021\Manoj Jha Sir Assistant director\Director\file no 08 2021 28 04 2021.doc

28-04-2021

ज्ञापांकः 01/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्यवाही)–08/2021..1536..पटना, दिनांक :–...............

प्रतिलिपिः– निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत नोडल पदाधिकारी/सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 01/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की कार्यवाही)–08/2021..1536..पटना, दिनांक :–28-04-2021

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
28/4/21